Rajasthan Police
कार्यालय पुलिस थाना शास्त्री नगर जोधपुर पश्चिम
आयुक्तालय जोधपुर
दिनांक 23.07.2022
psshastrinagar@gmail.com
@dcpwestjodhpur
Dcp jodhpur west
0291-2650758

प्रेस नोट

• रीट परीक्षा 2022 में एक फर्जी परीक्षार्थी गिरफ्तार, 01 प्रकरण दर्ज।

श्री रविदत्त गौड़ आईपीएस पुलिस आयुक्त जोधपुर व श्री गौरव यादव आईपीएस पुलिस उपायुक्त जोधपुर पश्चिम के निर्देशानुसार श्री हरफूलसिंह अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर पश्चिम व श्री चक्रवृतिसिंह राठौड़ आरपीएस सहायक पुलिस आयुक्त पश्चिम के सुपरविजन में विगत रीट परीक्षा के दौरान हुई नकल के कारण परीक्षा के रद् होनें के मध्यनजर रीट परीक्षा 2022 में नकल रोकनें व परीक्षा का सफल आयोजन हेतू सख्त निर्देश जारी किए जाकर प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर सादा वस्त्र में आसूचना अधिकारी व माकूल पुलिस जाब्ता तैनात किया गया, पुलिस अधीकारीगण द्वारा परीक्षा प्रारम्भ होनें से पूर्व से लगातार आपसी समन्वय रखते हुए आसूचना संकलन व निरन्तर शहर में गश्त व निगरानी रखी गई, फलस्वरूप आसूचना के जरिए मिली गोपनीय सूचना पर श्री चक्रवृतिसिंह राठौड़ आरपीएस सहायक पुलिस आयुक्त पश्चिम व श्री जोगेन्द्रसिंह निरीक्षक पुलिस थानाधिकारी पुलिस थाना शास्त्री नगर जोधपुर पश्चिम मय टीम द्वारा आईटीआई कॉलेज परीक्षा केन्द्र के रूम नं. 05 में रोल नं. 521106859 के परीक्षार्थी प्रेमप्रकाश पुत्र जगदीश की सीट को चैक कर परीक्षार्थी प्रेमप्रकाश के स्थान पर परीक्षा देनें हेतू बैठे फर्जी परीक्षार्थी जूंझाराम पुत्र मंगलाराम जाति विश्नोंई उम्र 25 साल निवासी कोजा पुलिस थाना धोरीमन्ना जिला बाड़मेर को दस्तयाब कर जांच व पूछताछ की गई, तो परीक्षार्थी प्रेमप्रकाश के स्थान पर परीक्षा देनें हेतु बैठना बताया। इस सम्बंध में केन्द्राधीक्षक रीट परीक्षा 2022 श्री सुधीर व्यास पुत्र नंदलाल व्यास जाति ब्राह्मण निवासी 98 शांति नगर फनवर्ल्ड के पास पुलिस थाना राजीव गांधी नगर जोधपुर हाल उप आचार्य आईटीआई कॉलेज जोधपुर द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर प्रकरण सं. 194 दिनांक 23.07.2022 धारा 3, 7, 10, राज. सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम 2022 एवं धारा 419, 420, 465, 471,120बी भादस पुलिस थाना शास्त्री नगर जोधपुर दर्ज कर मुलजिम जूंझाराम को गिरफ्तार किया गया है, जिससे पूछताछ जारी है। प्रकरण का अनुसंधान श्री हरफूलसिंह आरपीएस अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर पश्चिम द्वारा किया जा रहा है

नाम पता मुलजिम : जूंझाराम पुत्र मंगलाराम जाति विश्नोंई उम्र 25 साल निवासी कोजा पुलिस थाना धोरीमन्ना जिला बाड़मेर

फोटो :

सही/
(जोगेन्द्रसिंह नि.पु.)
थानाधिकारी
पुलिस थाना शास्त्री नगर जोधपुर